Title: Need to provide basic industrial infrastructure in Sansarpur area of Kangra district of Himachal Pradesh.

श्री सुरेश चंदेल (हमीरपुर, हि.प्र.) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय उद्योग मंत्री जी का ध्यान कांगड़ा जिले के संसारपुर क्षेत्र की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। केन्द्र सरकार ने 20 फरवरी,1997 को वहां पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए मंजूरी दी थी। लेकिन इतने वर्षों के बाद भी अभी तक वहां उद्योगों के विकास के लिए जो आधारभूत ढांचा विकसित होना चाहिए था, वह विकसित नहीं हो सका है। उसी योजना में एक और प्रावधान था कि वहां कर्मियों को प्रशिक्षण देने के लिए तथा उच्च क्वालिटी के उत्पादों की जांच करने के लिए एक मिनी टूल ट्रेनिंग सैंटर भी वहां स्थापित किया जाएगा, जो उस योजना के तहत विचार में था, लेकिन वह भी अभी तक पूरा नहीं हो सका है। मेरा सरकार से निवेदन है कि उसे जल्दी से जल्दी पूरा किया जाए, ताकि वहां एक अच्छा औद्योगिक ढांचा विकसित हो सके।